दिन– शनिवार | दिनांक– 20 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – बिहार की जनता ने विधानसभा चुनाव में जंगलराज को एक स्वर से नकारा। अब पश्चिम बंगाल के महाजंगलराज की है बारी।

02. महाराष्ट्र के नागपुर में पानी की टंकी फटने से बिहार के छह मजदूरों की मौत। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतक के परिजनों को दो–दो लाख रूपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा।

03. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा– चार का परिणाम जारी किया। कुल चार हजार नौ सौ बत्तीस अभ्यर्थी हुए सफल।

04. और, टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप दो हजार छब्बीस के लिए सूर्य कुमार यादव की कप्तानी में पंद्रह सदस्यीय भारतीय टीम घोषित। ईशान किशन को दूसरे विकेटकीपर के रूप में किया गया शामिल।

**अब समाचार विस्तार से.........**

——————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता ने जंगलराज को एक स्वर से नकार दिया है। श्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के नादिया में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब बंगाल में चल रहे महाजंगलराज के सामप्ति की बारी है।

———बाइट———

——————————————————————————————

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी विधेयक का उद्देश्य ग्रामीण आजीविका में बदलाव लाना है। श्री चौहान ने कहा कि विधेयक में श्रमिकों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने, कृषि उत्पादकता में सुधार, स्थानीय स्तर पर आयोजना बनाने, कल्याणकारी योजनाओं को समेकित करने और अग्रिम क्षमता को बढ़ाने का प्रावधान किया गया है।

——————————————————————————————

महाराष्ट्र के नागपुर में एक औद्योगिक इकाई में पानी की टंकी फटने से बिहार निवासी छह मजदूरों की मौत हो गई। जबकि नौ अन्य घायल हो गए। यह घटना एम.आई.डी.सी. बुटीबोरी इलाके में स्थित एक सोलर पैनल बनाने वाली फैक्ट्री में हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रूपये अनुग्रह अनुदान की राशि देने की घोषणा की है। इधर, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी घटना में मारे गए मजदूरों के परिजनों को पांच–पांच लाख रुपये की की सहायता राशि देने की घोषणा की है। कंपनी ने भी पीड़ित परिवारों को तीस–तीस लाख रुपये देने पर सहमति जताई है।

———————————————————————————————

आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद ने कहा है कि राज्य में नदियों से गाद हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पश्चिम चंपारण के बैरिया में नदी तटबंध का निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि बारिश से पहले नदियों से गाद हटाने का कार्य पूरा कर नदियों की जलग्रहण क्षमता को बढ़ाया जाएगा। इससे बाढ़ प्रबंधन में काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने इस कार्य में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

———बाइट———

———————————————————————————————

राज्य के सभी पुलिस लाईन में आवासीय विद्यालय खोले जायेंगे। उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों की स्थापना नवोदय विद्यालय की तर्ज पर होगी। इन विद्यालयों में पुलिस लाईन में रहने वाले कर्मियों के साथ ही थानों में तैनात पुलिसकर्मियों के बच्चे पढ़ेंगे। श्री चौधरी ने बताया कि होमगार्ड जवानों को भी बिहार पुलिस की तरह बीमा योजना का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के लिए कैशलेस इलाज की व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है।

———————————————————————————————

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि टेक्सटाइल सेक्टर में तकनीक को बढ़ावा देकर इस क्षेत्र से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि के प्रयास किये गए हैं। दिल्ली में विभिन्न शोध संस्थानों की समन्वय समिति की बैठक में श्री सिंह ने इस क्षेत्र

में नये प्रयोगों को प्रोत्साहन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनके मार्गदर्शन में कपड़ा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी को महत्व देकर हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

———बाइट———

———————————————————————————————

केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि पुर्नगणना कराने के उनके बयान को गलत अर्थों में पेश किया गया है। श्री मांझी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने दो हजार बीस के चुनाव में टिकारी विधासभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार अनील कुमार को पुर्नगणना कराने की मांग करने को कहा था। इस बयान को विरोधी दलों ने गलत तरह से प्रस्तुत किया है। इधर, राजद विधायक गौतम कृष्ण ने कहा कि चुनाव आयोग को जल्द टीम गठित कर श्री मांझी के बयान के आधार पर विधानसभा चुनाव की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए।

———————————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शिक्षकों के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा—चार का परिणाम जारी कर दिया है। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने परिणाम जारी करते हुए बताया कि कुल चार हजार नौ सौ बत्तीस अभ्यर्थी सफल हुए है। इस परीक्षा में चौदह हजार नौ सौ छत्तीस शिक्षक शामिल हुए थे। परीक्षा का आयोजन इस वर्ष सितम्बर और अक्टूबर के महीने में किया गया था। श्री किशोर ने बताया कि सक्षमता परीक्षा के पाचवें चरण का आयोजन जनवरी और फरवरी महीने में किया जाएगा। इसके लिए आज से मूल प्रमाण पत्रों की जांच शुरू हो गई है।

———————————————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय—ई.डी. ने नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में निचली अदालत के निर्णय के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील की है। निचली अदालत ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पांच अन्य के खिलाफ संज्ञान लेने से इंकार कर दिया था। ईडी ने अपनी याचिका में निचली अदालत के फैसले को खारिज करने और धनशोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत उसकी समीक्षा करने को कहा है।

———————————————————————————————

पूरा प्रदेश घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान में चार से दस डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गयी है। इसके कारण

कनकनी बढ़ गई है। इधर, राज्य के पश्चिम, मध्य और उत्तर–पूर्वी भागों में आज सुबह कई जगहों पर घना से अति घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार से पांच दिनों तक पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीवान, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और सारण समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों के अधिकतर हिस्सों में घना कोहरा छाये रहने की सम्भावना है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक आनंद शंकर ने कहा कि ठंड अभी और बढ़ेगी।

———बाइट———

———————————————————————————

इधर, घने कोहरे के कारण रेल, सड़क और हवाई परिचालन प्रभावित हुआ है। कोहरे के कारण पटना, गया, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे से कई विमानों को रद्द कर दिया गया, जबकि कई अन्य विमानों का परिचालन निर्धारित समय से विलम्ब से हुआ। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित रहा है। इस बीच, ठंड और कोहरे की स्थिति को देखते हुये पटना समेत कई जिलों में स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। वहीं, भोजपुर, शिवहर, दरभंगा, सारण और पूर्वी चम्पारण जिलों में कक्षा एक से आठ तक की कक्षाओं में अलग–अलग तिथियों तक पठन–पाठन स्थगित कर दिया गया है।

———————————————————————————

आज सशस्त्र सीमा बल, एसएसबी अपना बासठवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि एसएसबी का अटूट समर्पण सेवा की सर्वोच्च परपंरा को दिखाता है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडियापर पोस्ट में बल के जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने से लेकर संकट के समय नागरिकों के साथ खड़े रहने तक, सशस्त्र सीमा बल ने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है। इधर, एसएसबी पटना सीमांत मुख्यालय की ओर से इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

———————————————————————————

टी–ट्वेंटी विश्कप क्रिकेट के लिए पंद्रह सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गयी है। सूर्य कुमार यादव की कप्तानी वाली इस टीम में बिहार के ईशान किशन

को दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में शामिल किया गया है। ईशान किशन काफी समय से टीम इंडिया से बाहर थे। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में विश्कप क्रिकेट का आयोजन सात फरवरी दो हजार छब्बीस से होगा।

————————————————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी, फुलकाहा, सोनमनी और रानीगंज चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम ने वाहन जांच अभियान के दौरान शराब के साथ सत्रह कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के हरियाबाड़ा में एक वाहन से पांच सौ चार लीटर विदेश शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

————————————————————————————————

वहीं, शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़िया गांव से पुलिस ने कुख्यात अपराधी मुन्ना कुमार उर्फ संतोष कुमार को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये अपराधी पर नवादा, शेखपुरा समेत विभिन्न जिलों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं।

————————————————————————————————

सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नरहा गांव में शराब कारोबारियों के ठिकाने पर छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर असाजिकतत्वों ने हमला कर दिया। इस हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। उग्र भीड़ पर नियंत्रण के लिए पुलिस को हवाई फॉयरिंग भी करनी पड़ी।

————————————————————————————————

शेखपुरा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से घाटकुसुंभा प्रखंड क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों को नशीली पदार्थों के सेवन से दूर रहने को लेकर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

————————————————————————————————

भोजपुर जिले में मेरा युवा भारत के तहत दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में आज समापन हो गया।

————————————————————————————————

सुपौल जिले में बीरपुर सीमा चौकी पर एसएसबी जवानों ने गश्ती के दौरान एक सौ बानवे किलो नशीला पदार्थ मारिजुआना जब्त किया है। मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार का लिया गया।

————————————————————————————————

वहीं, जिले की विशेष उत्पाद न्यायालय ने शराब तस्करी के मामले में दो अभियुक्तों को पांच वर्षों की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने एक लाख रूपये का अर्थदण्ड भी लगाया है।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – बिहार की जनता ने विधानसभा चुनाव में जंगलराज को एक स्वर से नकारा। अब पश्चिम बंगाल के महाजंगलराज की है बारी।

02. महाराष्ट्र के नागपुर में पानी की टंकी फटने से बिहार के छह मजदूरों की मौत। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतक के परिजनों को दो–दो लाख रूपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा।

03. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा– चार का परिणाम जारी किया। कुल चार हजार नौ सौ बत्तीस अभ्यर्थी हुए सफल।

04. और, टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप दो हजार छब्बीस के लिए सूर्य कुमार यादव की कप्तानी में पंद्रह सदस्यीय भारतीय टीम घोषित। ईशान किशन को दूसरे विकेटकीपर के रूप में किया गया शामिल।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।